**खबर संक्षेप**

## गोरिश राणा ने अंडर 10 व अंडर-12 में प्रथम

**करनाल।** चामुंडा स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय टेनिस चैंपियनशिप में गोरिश राणा ने अंडर 10 व अंडर-12 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अटार्नी कुलदीप सिंह कटारिया ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस चैंपियनशिप में कई खिलाडिय़ों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिनमें से दयाल सिंह सिंह पब्लिक स्कूल के छात्र गौरिश राणा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंडर-10 और अंडर-12 में पहला स्थान पर कब्जा किया।

## मिलेट वर्ष के उपलक्ष्य में 6 को घरौंडा में कार्यक्रम

**करनाल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में एनएफएसएम 2023-24 के अंतर्गत शनिवार 6 जनवरी को घरौंडा की अनाज मंडी में प्रातः 10 बजे जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में जिला करनाल के लगभग 500 किसान हिस्सा लेगें। विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के अधिकारी तथा विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## कम्प्यूटर लैब सहायक वेलफेयर की हुई मीटिंग

**करनाल।** कम्प्यूटर लैब सहायक वेलफेयर की मीटिंग राज्य प्रधान करमजीत संधु की अध्यक्षता में हुई। संचालन राज्य महासचिव मनोज अग्रवाल ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर सरकार 10 जनवरी तक मांगें पूरी नही करती तो 11 जनवरी को मुख्यमंत्री के गृह जिला करनाल में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य प्रधान ने कहा कि प्रदेश भर के लगभग 2200 कंप्यूटर लैब सहायक इस समय निराश हैं, क्योंकि उनकी मांगें पूरी नही की जा रही।

## स्वयं सेवकों ने की पूजित अक्षत वितरण की शुरुआत

**करनाल।** मंगलवार को केशव उपनगर के स्वयं सेवकों ने पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से पूजित अक्षत वितरण की शुरुआत की। चार चार स्वयं सेवकों की करीब सात टोलियो ने अक्षत वितरण का कार्य किया। टोलियों ने प्रत्येक घर में प्रभु श्रीराम जी का चित्र, अक्षत व हैंडबिल देने का काम किया। इस दौरान इरिक्शा के माध्यम से सूचित किया गया और ढोल बजाकर प्रभु श्रीराम का संदेश लोगों तक पहुंचने का कार्य किया गया। डॉ मनोज विरमानी ने बताया कि आज सात टोलियो में स्वयं सेवक कार्य कर रहे है।

## प्रकृति से छेड़छाड़ का भुगतान होगा खामियाजा

**करनाल।** इंसान पहाड़ नदी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से लगातार छेड़छाड़ कर रहा है। मगर इसका खामियाजा भी भुगत रहा है। हर साल हजारों जानें प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ रही है। मगर छेड़छाड़ फिर भी नहीं रख रही। उत्तराखंड के टनल में फंसे 41 मजदूरों को कैसे कड़ी मशक्कत से निकल गया ये पूरे देश ने देखा। प्राकृतिक संकेत दे रही है। मगर साल दर साल होने वाली तबाही को हम लगातार नजर अंदाज कर रहे हैं।

### महिलाओं के लिए पीएम मोदी की शिक्षा व सुरक्षा की गारंटी बताते हुए वितरित किए गैस सिलेंडर

# भारत विकसित यात्रा में बताईं योजनाएं

### विपक्ष को पसंद नहीं है सरकार के अच्छे कार्य- हरविंद्र कल्याण बोले- व्यवस्था सुधर रही है नतीजे मिलने शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा





घरौंडा के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि विपक्ष को सरकार के अच्छे कार्य पसंद नहीं। विपक्षी नेता कभी कर्मचारियों को भड़काते हैं तो कभी किसानों को। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में व्यवस्था सुधर रही है और लोगों को योजनाओं के नतीजे मिलने शुरू हो गए हैं। हरविंद्र कल्याण आज गांव बजीदा जाट्टान और गढ़ी खजूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बजीदा जाट्टान में सरपंच प्रतिनिधि राज और गढ़ी खजूर में सरपंच ज्योति ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बने लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। बजीदा जाट्टान में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप ने और गढ़ी खजूर में समाज सेवी नरेश ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। जिला सचिव मंजू खैन्ची ने बजीदा जाट्टान में और गढ़ी खजूर में सरपंच प्रतिनिधि अजय ने पिछले 9 सालों में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर विधायक कल्याण ने यात्रा के उद्देश्यों तथा आयुष्मान भारत योजना, परिवार पहचान पत्र, दयालु योजना, उज्ज्वला योजना आदि के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों से अपील की कि वे आज जानकारी लेकर पता करें कि उन्हें किस योजना का फायदा मिल सकता है और उसके लिए पंजीकरण करायें। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो खुद को मसीहा कहते हैं वही जनता को बरगलाते हैं। इन्हें गरीबों की चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि विचारधारा अलग हो सकती है लेकिन जब बात गरीबों के उत्थान की हो तो राजनीति नहीं करनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 9 साल से गरीबों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां के लोगों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। कांग्रेस राज में घोषणाएं तो होती थीं पर



उन पर अमल नहीं। कल्याण ने कहा कि पिछली सरकारों में घरौंडा हलके में यमुना बेल्ट के 17-18 गांवों की पूरी तरह उपेक्षा की गई लेकिन भाजपा के सत्तासीन होने के बाद इनमें पर्याप्त विधायक ने कहा कि आने वाले समय में सरकार बीपीएल कार्डधारकों को मकान भी उपलब्ध कराएगी। 20 साल तक करनाल चीनी मिल की अपेक्षा के लिए उन्होंने विपक्ष की आलोचना की। विधायक ने बुढ़ापा पेंशन 3 हजार करने, आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए कालेजों में पूरी फीस माफ करने, 14 फसलें एसएसपी पर खरीद करने जैसी उपलब्धियां गिनाई। साथ ही बताया कि बजीदा जाट्टान में अब तक 580 बीपीएल कार्ड बन चुके हैं। इसी प्रकार गढ़ी खजूर में पीपीपी के बाद 383 नए बीपीएल बन चुके हैं। कंबोपुरा के अंडरपास का वर्क अलाट हो चुका है। जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। दाहा के सामने फुट ओवरब्रिज का निर्माण कोर्ट से स्टे हटने के बाद शुरू करा दिया जाएगा। हलके में पहले कई-कई गांवों की एक पंचायत होती थी जिन्हें अलग कराया गया।

**पेंशन बनाई:** बजीदा जाट्टान में आज बिमला देवी, मामन सिंह और भगवान सिंह की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। इसके अलावा 15 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। गढ़ी खजूर में तीन लोगों की पेंशन बनाई गई।

**गैस कनेक्शन:** बजीदा जाट्टान में उज्ज्वला योजना के तहत निर्मला देवी और गढ़ी खजूर में संतोष, मीना और रवींद्र कौर को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया तथा 12 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी:** बजीदा जाट्टान में आयुष्मान कार्ड की लाभार्थी सुनीता और पन्नू देवी ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अनुभव साझा किये। छात्राएं सम्मानित- गढी खजूर में छात्रा सुहानी, अक्सर, ज्योति, पूनम, सिमरन और मुस्कान को सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद:** बजीदा जाट्टान में बीडीपीओ आस्था गर्ग, किसान मोर्चा के महामंत्री विनय संधू, सुमित नरवाल, पवन कल्याण, संजय खैन्ची, सुमित नरवाल और गढ़ी खजूर में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, जोगेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं, दलितों, शोषितों के अधिकारों की आवाज थी भारत कि प्रथम महिला शिक्षका सावित्री बाई

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में भारत की प्रथम महिला शिक्षका सावित्री बाई फूले की जयंती पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।



कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र में 3 जनवरी 1831 को एक किसान परिवार में हुआ था। सावित्रीबाई फुले का विवाह सन-1840 में मात्र 9 वर्ष की उम्र में 12 वर्षीय ज्योतिराव फुले के साथ हुआ। सावित्री बाई फूले बहुत बुद्धिमान थे, उन्होंने मराठी में अध्ययन किया सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1848 मात्र 9 विद्यार्थियों को लेकर एक स्कूल की शुरुआत की थी। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने मात्र 18 साल की छोटी उम्र में ही भारत में स्त्री शिक्षा की ऊसर-बंजर जमीन पर स्त्री शिक्षा का नन्हा पौधा रोपकर उसे एक विशाल छतनार वृक्ष में बदल दिया था। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** खाद्य सामग्री वितरित करते भाजपा नेता कृष्ण बजाज व समिति के पदाधिकारी।

## टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री की वितरित

**कुरुक्षेत्र।** नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व माया चेरिटेबल ट्रस्ट ने एलएनजेपी अस्पताल में स्थित जिला क्षय निवारण विभाग में टीबी मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त आहार भेंट किया। भाजपा नेता कृष्ण बजाज, डिप्टी सिविल सर्जन डा. संदीप अग्रवाल, माया चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान सीमा सिंह, सुमन सैनी, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, कर्मवीर सैनी, तरुण वधवा, पुनीता सेतिया द्वारा 40 टीबी मरीजों को राशन किट का वितरण किया गया। इसमें चावल, दाल, मसाला मोमबत्ती, सोयाबीन बड़ी एव अन्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।

## कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डॉ. पियूष गर्ग सीएमओ मेडिकल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नियुक्त

**करनाल।** प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों के सीएमओ की रोहतक में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. एम.के दयाल (केडी) ने की।



इस बैठक में प्रदेश के करीब 4 मेडिकल कॉलेज के सीएमओ ने ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक के दौरान सभी सीएमओ ने मिलकर सी.एम.ओ मेडिकल एसोसिएशन का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से शहीद हसन खान मेवात मेडिकल कालेज के सीएमओ डॉ एम.के दयाल उर्फ डॉ. केडी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं खानपुर मेडिकल कालेज के डॉ. प्रवीण कुमार को उपाध्यक्ष, पीजीआईएमएस से डॉ. प्रियंका को महासचिव, डॉ. साकेत को सचिव व कल्पना चावला मेडिकल कालेज से डॉ. पियुष गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. केडी ने बताया कि पूरे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में करीब सीएमओ के 40 पद हैं और अभी तक उनकी एसोसिएशन ना होने के चलते वें आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं, क्योंकि अभी तक उनके सर्विस रूल ही नहीं बने हुए। वह उच्च अधिकारियों के आगे गुहार लगाकर थक चुके थे, ऐसे में उन्हें यह एसोसिएशन बनानी पड़ी, जिसका जल्द ही रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। वहीं सी.एम.ओ मेडिकल एसोसिएशन के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष डॉ. पियूष गर्ग ने कहा कि एसोसिएशन में जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिली है। वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

## गांव कुराली में मौके पर बनाई बुढ़ापा पेंशन

**करनाल।** सरकारी योजनाओं को लेकर और जन-जन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए निकाली जा रही विकसित जन



संकल्प यात्रा के दौरान गांव कुराली में आज कई लोगों की बुढ़ापा पेंशन मौके पर ही बनाई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़ ने बताया कि अब सरकार की तरफ से ऐसी व्यवस्था की गई है कि जिसकी उम्र 60 साल हो जाएगी उसकी पेंशन अपने आप बन जाएगी संकल्प यात्रा के दौरान ऐसे कई पत्रों की अब तक पेंशन बनाई जा चुकी है और आगे भी बनाई जा रही है उन्होंने लाभ पात्रों से अपील की कि वह संकल्प यात्रा में जाकर मौके पर अपनी पेंशन बनवाएं और सरकारी

# बंद के आदेश के बाद भी खुले स्कूल

- ठंड में सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे स्कूल संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



सरकार के आदेशों के बावजूद भी शहर के अधिकांश प्राइवेट स्कूल खुले हुए हैं। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद मज़बूरन बच्चो को स्कूलों मे जाना पड़ रहा है। बता दें कि सरकार व शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों मे एक से 15 तारीख तक शरद ऋतु की छुट्टियां घोषित कर रखी है। लेकिन शहर के अधिकांश प्राइवेट स्कूलों में बड़ी क्लास में पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों को स्कूलों में बुलाया जा रहा है। बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि पिछले करीब एक सप्ताह से पड़ रही कड़कड़ाती ठंड के बावजूद छोटे बच्चों को स्कूलों में बुलाया जा रहा है,जो बिल्कुल गलत है। पिछले करीब तीन दिनों से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो पाए हैं और तापमान सुबह के समय 6 से 8 डिग्री के बीच होता है। ऐसे में सुबह के समय जहां बड़े बुजुर्गों का उठना भी भारी होता है वहीं छोटे बच्चे सड़कों पर अपने स्कूलों की बसों का इंतजार करते देखे जा सकते हैं। अभिभावकों का कहना है कि जब प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग की ओर से छुट्टियां घोषित कर रखी है तो प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को बुलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

**बोले अधिकारी**

विभाग की ओर से शरद ऋतु की 15 दिनों की छुट्टियां की हुई है कोई भी प्राइवेट स्कूल खुला मिलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-रविंद्र कुमार , बीईओ, घरौंडा

## प्रखर समाज सेवी ओम कश्यप का निधन

**करनाल।** ऑल इण्डिया कश्यप राजपूत पंजाबी वैलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आयुर्वेदिक ड्रग मैन्युफैक्चर एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष अनूप भारद्वाज के पिता प्रखर समाज सेवी स्वर्गीय ओम भारद्वाज कश्यप के निधन पर शहर के कई गणमान्य लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंच कर संवेदनाएं व्यक्त की।



ओम भारद्वाज कश्यप का बीती 27 दिसम्बर को बीमारी के चलते देहांत हो गया था। वे पिछले एक महीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके सुपुत्र अनूप व अवनीश भारद्वाज ने बताया कि उनके पिता कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे और समाज सेवा के कार्यों में तालीन रहते थे।

# जयंती पर सावित्रीबाई फुले को किया याद

- सावित्री बाई फुले को भारत की पहली शिक्षिका होने का श्रेय जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




सावित्रीबाई फुले की जयंती कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलेज स्टाफ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सावित्री बाई फुले को भारत की पहली शिक्षिका होने का श्रेय जाता है । उन्होंने यह अविश्वसनीय उपलब्धि तब हासिल की जब महिलाओं को शिक्षा ग्रहण करना तो दूर की बात थी बल्कि उनका घर से निकलना भी दूभर था वह न केवल एक समाज सुधारक थी बल्कि वह एक दार्शनिक और कवयित्री भी थीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. रेखा त्यागी ने सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर पुष्पों की माला अर्पित की व अन्य स्टाफ़ ने उनका सहयोग किया व सभी को शुभकामनाएँ दी। महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. राजेश रांझा ने सावित्री बाई फुले की जीवनी व संघर्ष पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न प्रोफेसर डा. सुनील नरवाल, डा. राजेश रंगा इत्यादि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच का संचालन प्रोफेसर डा. नवीन बतरा ने किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी सावित्रीबाई फुले की संघर्ष की कहानी सुनकर काफ़ी प्रभावित हुए। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर डा. नवीन बतरा ने सावित्री बाई द्वारा लिखी हुई कविता की सुंदर पंक्तियों के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. सुनीता चोपड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला कारागार करनाल में सुश्री जसबीर कौर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल के द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे 4 अंडर ट्रायल केसो का चयन किया गया जिसमें 4 केसों में 3 अंडरगोन किया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जसबीर कौर ने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार करनाल के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 300000 से कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है।



आज की जेल लोक अदालत मे शैलाक्षी भारद्वाज, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, जिला जेल कारागार, करनाल भी उपस्थित थे। सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, जिला जेल कारागार ने जसबीर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल के द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### 22 को नजदीकी मंदिर में देखा जा सकेगा रामलला की प्रतिष्ठा का प्रसारण

# राम भजनों और जयघोष के बीच घर-घर अक्षत वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री रामलला मंदिर से आये हुए अक्षत वितरण देशभर मे 1 जनवरी से शुरू हो गया है। बुधवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर शिवकालोनी मे श्री रामलला मंदिर अयोध्या धाम से आये हुए अक्षत,श्री राम मंदिर का चित्र और पम्पलेट जिसमे राम मंदिर की जानकारी है का डोर टू डोर वितरण किया गया। भजनमंडली द्वारा श्री राम जी के सुंदर सुंदर भजन गाते हुए और जयघोष लगाते हुए अक्षत का वितरण किया। भजनमंडली की प्रमुख श्री प्रियंका जी ने कहा कि घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को



**करनाल।** अक्षत वितरण कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

आनंदोत्सव मनाने की अपील की गई है। 22 जनवरी को सभी लोग अपने घर के नजदीक मंदिर में जाकर श्री रामलला जी का प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखें और प्रसाद ग्रहण करें। इस अवसर पर विजय महामंत्र श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप 108 बार सामूहिक रूप से करें। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, राम रक्षास्त्रोत का भी पाठ करने का उन्होंने सुझाव दिया। शाम को अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए कम से कम पांच दीपक जलाने और दीपमालाएं सजाने की भी अपील की। इस मौके पर शाखा कार्यवाह अशोक कुमार, धनेश डिमरी, हरीश रावत, विकास, रमाशंकर , गणेशी, करण और सविनय सिन्हा भी साथ रहे।

**घर-घर बता रहे मंदिर की भव्यता:** अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के जरिये कार्यकर्ता मंदिर निर्माण की भव्यता व स्वरूप से भी भक्तों को अवगत करा रहे है। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढ़ियां चढ़कर भक्तों को रामलला के दर्शन प्राप्त होंगे।

## खबर संक्षेप



पानीपत। गांव उग्राखेड़ी और रिसालू में उपस्थित पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

### मोदी व मनोहर का सपना देश को सशक्त बनाना

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने आज गांव उग्रा खेड़ी और रिसालू में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत के 27 स्कूल अब आधुनिक स्कूल बनाए जाएंगे। जहां हर कमरे में वातानुकूलित लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश को पांचवीं पायदान से तीसरी पायदान पर लाना है और देश को एक महाशक्ति बनाना है।



पानीपत। आर्य कालेज में सांग की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

### सांग देखकर भाव विभोर हुए दर्शक

**पानीपत।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ऑन थिएटर ग्रुप व आर्य कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आज पंडित मांगे राम द्वारा रचित राजा वीर विक्रमादित्य सांग का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा सरकार के परियोजना अधिकारी डॉ. पवन आर्य ने शिरकत की।

### साइबर क्राइम जागरूकता सेमीनार आयोजित

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य वक्ता एसआई जितेन्द्र और एएसआई परमिंदर सिंह ने शिरकत की। सेमीनार में विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के प्रकारों, इन्हें करने के तरीकों और इनसे बचने के उपायों पर विस्तृत एवं व्यवहारिक ज्ञान और प्रशिक्षण दिया गया।

### अभिभावक विद्यार्थियों की जानकारी लें

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जयपाल शर्मा रहे। प्राचार्य मनीष धनगस तथा एनएसएस कार्यक्रम दिनेश कुमार ने जयपाल शर्मा का पुष्पकुंज देकर स्वागत किया।

### संकल्प यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

**पानीपत।** इसराना में वर्षों में पीएचसी ओर सीएचसी की बनाने की मांग हो रही है। सरकार ने फैसला किया है कि इसराना में ब्लाक हेल्थ सेन्टर जो 50 बैंड का अस्पताल बनेगा। वहीं इसराना में परिवहन की समस्या को दूर करने के लिए पुराने बस अड्डे का निर्माण करके किया जायेगा। यह घोषणा इसराना के राजकीय माडर्न संस्कृति स्कूल में आयोजित भारत विकसित संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद में राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने सम्बोधित करते हुए की।

### प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के साथ सरकार विश्वासघात कर रही

# बिजली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। थर्मल के गेट पर प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर पानीपत थर्मल के गेट पर थर्मल कर्मचारियों ने बिजली मंत्री द्वारा मांगों पर सहमति जताने के बावजूद कर्मचारियों की मांगों से वादा खिलाफी करने के विरोध में व यूएचबीवीएनए व डीएचबीवीएन की 11 केवी सब डिवीजन फीडर को प्राइवेट करने के विरोध में प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान सुखबीर रंगा ने की व मंच संचालन सचिव अरुण तंवर ने किया। प्रेस सचिव सतीश पांचाल ने कहा कि 10 अक्टूबर को बिजली मंत्री रणजीत चौटाला और यूनियन की मीटिंग में कच्चे कर्मचारियों के आश्रितों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने, सभी कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराने, पावर हाउस में हर शिफ्ट में दो कर्मचारी लगाने, सभी कच्चे कर्मचारियों को टी-पी उपलब्ध कराने, कैशलैस मेडिकल सेवा लागू करने आदि मांगों को लेकर सहमति बनी थी जबकि लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी मांग का प्रशासनिक आदेश जारी नहीं किया गया है। वहीं दूसरी तरफ 11 केवी सबस्टेशनों को निजी हाथों में सौंप कर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के साथ सरकार विश्वासघात कर रही है। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल न करने, आठवां वेतन आयोग गठित न करने के कारण पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। इन्हीं मांगों को लेकर आज पानीपत थर्मल के चीफ इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा गया है, यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों कि मांगों को लागू नहीं किया तो प्रदेश के सभी कर्मचारी आंदोलन की राह पर चलें जाएंगे जिसकी पुरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर राज्य सचिव मनीष मलिक, थर्मल के सर्कल सचिव अमरीश त्यागी, प्रधान रणवीर रोड़,दिवान यादव, वतन कुमार, विकास यादव, जय भगवान व चांद राम आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। सावित्रीबाई फुले जयंती पर शिक्षिकाओं को सम्मानित करते महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर एस पब्लिक स्कूल जाटल रोड सौंदापुर के प्रांगण में आज महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच द्वारा माता सावित्रीबाई फुले जी का जन्मदिन मनाया गया। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांचाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजापति सूरत सिंह बावलिया रिटायर्ड कमिश्नर ने की। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं एवं प्रिंसिपल को शाल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य राजेश पांचाल ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के सामाजिक जीवन के उत्थान में अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए भारत में सबसे पहला स्कूल खोला। आज का दिन नारी मुक्ति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मंच संचालक सीए गोविंद सैनी ने बताया कि उन्होंने सामाजिक रूप से दलित पिछड़े एवं शोषित समाज की महिलाओं के सामाजिक जीवन के उत्थान में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर दलबीर आर्य, विरेन्द्र, रोशन सैनी, रामगोपाल, स्कूल संचालन समिति के प्रधान सेवा राम सैनी उपस्थित रहे।

### राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत बनाना एनएसएस का मुख्य उद्देश्य : रणदीप

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल कन्या महाविद्यालय जीटी रोड सिवाह में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अंतरंग सदस्य और आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य रहे। पूर्व प्राचार्य लाभसिंह आर्य वरिष्ठ अतिथि रहे। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.सुमन लता ने की। विद्यालय के सभी अध्यापकों और छात्रों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत बनाना एनएसएस का मुख्य उद्देश्य है।

## पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन 7 जनवरी को

### पिछड़ा वर्ग जातियों में बंटकर अपनी शक्ति को कमजोर कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। सुरत सिंह बावलिया।
■ एकता सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया

पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन जाटल रोड स्थित दोनों नहर के पार फौजी ढाबा के सामने 7 जनवरी, रविवार को पूर्व कमिश्नर प्रजापत सुरत सिंह बावलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। श्री बावलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जनवरी को पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन दो नहरों के पार फौजी ढाबा के सामने होगा। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग जातियों में बंटकर अपनी शक्ति को कमजोर कर रहा है। कमजोरी के कारण ही हमें शासन व प्रशासन में हिस्सेदारी व हमारे संविधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। यह लड़ाई हमें इक्कठा होकर खुद लड़नी होगी जिसको लेकर पानीपत में पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन किया जा रहा है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के लोगों से अपील की है कि वह एकता सम्मेलन में पहुंचकर एकता का परिचय दें।

## सांस्कृतिक अध्यन यात्रा का संजय ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा




समालखा। सांस्कृतिक अध्यन यात्रा का समालखा में स्वागत करते भाजपा नेता संजय छौक्कर। फोटो : हरिभूमि

सांस्कृतिक अध्यन यात्रा समालखा पहुंची यहां भाजपा नेता संजय छौक्कर ने यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा 28 दिसंबर को अनंतनाग कश्मीर से शुरू हुई थी। जिसका समापन 5 जनवरी को पंचकुला में होगा। इस यात्रा में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा का सहयोग रहा। भाजपा नेता संजय छौक्कर ने छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा किए और छात्रों को हरियाणा की संस्कृति और हरियाणवी कल्चर के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने उन्हें बदलते कश्मीर के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कश्मीर की जो छवि लोगों में बनी हुई है ऐसा नहीं है। वहां बहुत कुछ बदलाव आया है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। इस अवसर पर इंडियन मीडिया सेंटर के अध्यक्ष नरेंद्र,निफा समालखा अध्यक्ष संदीप शर्मा, देवेंद्र आर्य, पार्षद रेणु धीमान,अनिल धीमान, एसएसपाल व अन्य निफा समालखा के पदाधिकारी मौजूद रहे।




पानीपत। एमएएसडी स्कूल का विजेता छात्र पुरस्कार प्राप्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एमएएसडी स्कूल के वासु ने ग्रेपलिंग में जीता सिल्वर मेडल

**पानीपत।** सोनीपत में इंडियन ओपन ग्रेपलिंग प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एमएएसडी स्कूल के चार छात्रों तनिष्क, दक्ष,वासु ठाकुर और वासु ने 16 वर्ष वर्ग प्रतियोगिता में भाग लिया। वासु ने इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया और सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं स्कूल की प्रधानाचार्या डा.बबीता भारद्वाज स्कूल स्टाफ और स्कूल की प्रबंधक कमेटी ने वासु को बधाई देते हुए कहा कि एमएएसडी स्कूल के लिए यह गौरव की बात है। हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमारे बच्चे स्कूल का नाम रोशन करेंगे। बच्चों ने स्कूल के खेल इंचार्ज बलविंदर सिंह की देख रेख में यह प्रतियोगिता जीती है।

## संघर्ष मोर्चा ने आमजन की समस्या को लेकर पालिका सचिव को मांगपत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा




पानीपत। समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा के सदस्य ज्ञापन सौंपते जाते हुए।

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने लाल डोरा क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और पार्ट आईडी बनवाने में समस्या के तुरंत हल के लिए पालिका सचिव को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में संघर्ष मोर्चा ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 2 महीने से शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा से प्रॉपर्टी आईडी बनवाने, नो ड्यूज सर्टिफिकेट बनवाने, ऑब्जेक्शन लगाने में नई परेशानी खड़ी की हुई हैं। जिस कारण पब्लिक धक्के खा रही है। एनडीसी पोर्टल में त्रुटि वश और कुप्रबंधन के कारण शहरों के लाल डोरा क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी, सर्वे एसेसमेंट रजिस्ट्र में गलती से जिन संपत्तियों का रकबा कम दर्ज है और जबकि मौका पर रकबा ज्यादा है, तो इस बारे लगाए गए ऑनलाइन आवेदन, दर्ज आपत्तियों पर बेवजह लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी तरह पार्ट आईडी ,सब आईडी बनवाने के लिए आवेदक को पड़ोसियों का संपत्ति टैक्स व विकास शुल्क जमा कराने के बेबुनियाद प्रावधान को एनडीसी पोर्टल पर लगा रखा है। जिस कारण पब्लिक बेवजह परेशान की जा रही है।

## सतगुरू रामरतन ने बताया जीवन को सुखी बनाने का तरीका

हरिभूम न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। प्रवचन करते हुए आचार्य राकेश पांचाल। फोटो : हरिभूमि

श्री सतगुरू रामरतन दरबार ट्रस्ट द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य पर परमधाम दर्शन रामरतन पारब्रह्म दरबार मुज्फरनगर में परमधाम दर्शन श्री राज भव्य विशाल सत्संग समारोह का आयोजन दरबार के अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें पूजा,सतगुरू राम रतन साहेब की वाणी चर्चा, भजन किए गए। इस दौरान देश में सुख शांति, समृद्धि व भाईचारे के लिए मेहर सागर का पाठ किया गया। प्रवचन में आचार्य राकेश पांचाल द्वारा बताया गया कि सतगुरू रामरतन जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही परामात्मा से मिलन हो सकता है। जो इंसान सतगुरू राम रतन जी के उपदेशों के अनुसार कार्य करता है उनका न केवल यह जीवन सुख से व्यक्ति जाता है बल्कि अगला जन्म में सुधर जाता है। सतगुरू जी फरमाते हैं कि अपने लिए जीना तो पशुओं का काम है दूसरों के लिए जीना ही इंसानियत कहलाती है। इंसान जिस भी हालात में हो उसे दूसरे व्यक्ति और जीव की सहातया अवश्व करनी चाहिए।

## जरूरतमंद दिव्यांग को दी व्हीलचेयर

**पानीपत।** शिमला से इन्नर व्हील क्लब मंडल 308 की मंडलाध्यक्षा सीमा कपूर द्वारा आज इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाऊन का आधिकारिक दौरा किया गया। वहीं क्लब की वार्षिक जनरल मीटिंग और कार्यकारिणी सदस्याओं की बैठक भी सीमा कपूर की अध्यक्षता ने हुई। प्रधान नीतू छाबड़ा ने क्लब का अद्व्ध.वार्षिक लेखा जोखा,अब तक के प्रोजेक्ट की रिपोर्ट्स व कार्यकारिणी सदस्याओं की रिपोर्ट्स को प्रस्तुत किया गया। सचिव डा.अनु कालड़ा,कोषाध्यक्षा रूपाली चोपड़ा,आईएसओ मंजरी गोयल और सम्पादिका स्वाति गोयल ने रिपोर्ट पढ़ी। इस मौके पर सामाजिक गतिविधियों का आयोजन मन्डलाध्यक्षा सीमा कपूर व जोनल काउंसलर पीडीसी सीमा चोपड़ा के कर कमलों द्वारा कराया गया। इन सामाजिक सेवाओं में प्रधान नीतू छाबड़ा और कार्यकारिणी द्वारा एक जरूरतमंद को व्हील चेयर दी गई। चार्टर प्रेसिडेंट कंचन सागर ने प्रधान नीतू छाबड़ा और उन की टीम को शाबाशी दी। इस अवसर पर गीताप्रिय, सीमा बब्बर,पूर्व प्रधान मंजरी चढ्ढा, ज्योति रहेजा,अनीता बत्तरा, मंजरी गोयल, स्वाति गोयल, रुपाली चोपड़ा, मीनू, मोनिका, प्रियंका दुआ, पूजा, मोनिका, अम्बिका आदि मौजूद रहे।

### जन संकल्प रैली को लेकर पानीपत ग्रामीण हल्के गांवों में पहुंच रहे देवेंद्र कादियान

**पानीपत।** जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने आज पानीपत ग्रामीण हल्का के गांव गाजबड़ राजापुर,कचरोली, महमदपुर, गढ़ी सिकंदरपुर, निंबरी, राजाखेड़ी, कुटानी व भैंसवाल में जाकर घरौंडा अनाज मंडी में 7 जनवरी को होने वाली नव संकल्प रैली का न्यौता दिया। सभी गांव में ग्रामवासियों को रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान करते हुए देवेंद्र कादियान ने कहा कि यह रैली जेजेपी की सभी लोकसभा रैलियों में हुई अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। इस मौके पर किसान सेल प्रदेश संगठन सचिव धर्मवीर राठी, किसान जिला प्रधान कृष्ण चंदोली,हल्का प्रधान बिजेंद्र कादियान,पंचायत राज हल्का प्रधान दिलेर सरपंच, महावीर कश्यप,सुनील कचरोली, कृष्ण व काला सरपंच आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक फतेह चंद विज की जयंती पर लगाया लंगर

**पानीपत।** पानीपत से जनसंघ के 5 बार विधायक रहे स्व. फतेह चंद विज की 107वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने अपने जीटी रोड पर स्थित कार्यालय में पिता की याद में पुष्पांजलि सभा एवं लंगर का आयोजन किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा पानीपत के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्व. विज को उनकी जयंती पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, दुष्यंत भट्ट , रामकुमार सैनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने फतेह चंद विज को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

### वार्ड में 8 धर्मशालाओं का निर्माण करवाया गया

# विधायक ढांडा ने वार्ड 24 में करवाया विकास : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत






पानीपत। एसटीपी प्लांट का दृश्य जिसे वार्ड 24 में बनाया गया है तथा पार्षद मंजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम के वार्ड न.24 की पार्षद मंजीत कौर ने कहा कि पानीपत ग्रामीण से भाजपा विधायक महीपाल ढांडा के प्रयास से इस वार्ड में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रही। विधायक महीपाल ढांडा द्वारा सरकार की तरफ से जारी कराई गई ग्रांट से वार्ड में 12 बड़े टयूबवैल, एक एमएमएम का डीप टयूबवैल लगवाया गया है। वहीं वार्ड में 8 धर्मशालाओं का भी निर्माण करवाया गया है। जिसमें सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। मंजीत कौर ने बताया कि गोपाल कालोनी में 2 सर्वजातीय धर्मशाला, रामपुरा में कोली धर्मशाला, अर्जुन नगर में अम्बेडकर भवन, कुलदीप नगर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय धर्मशाला, सर्वजातीय धर्मशाला व अम्बेडकर भवन व आहिल्या बाई धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड में तकरीबन सभी गलियों का निर्माण कराया गया है। वहीं अमृत योजना में पीने के लिए पाइप लाइन,सीवर लाइन व एसटीपी प्लांट का निर्माण कराया गया है। जबकि अर्जुन नगर में निर्माण के लिए गलियां उखाड़ दी गई हैं। जिनका निर्माण शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। टैण्डर में स्पष्ट कर दिया गया है कि तीन महीने के अंदर सभी गलियां बन जानी चाहिए। वार्ड के विकास में सहयोग करने के लिए पार्षद मंजीत कौर ने जहां विधायक महीपाल ढांडा का आभार जताया है वहीं वार्ड वासियों का भी साथ देने पर धन्यवाद किया गया है।

### मांगों को लेकर पटवारी व कानूनगो ने दिया धरना

**पानीपत।** सरकार ने 1 साल बीत जाने पर भी वेतन विसंगति को दूर नहीं किया। मजबूर होकर के हरियाणा भर के पटवारी और कानूनगो को आज सांकेतिक धरने पर बैठना पड़ा। दिल्ली में पिछले साल मुख्यमंत्री ने पे ग्रेड बढ़ाने की बात कही थी उसे भी आज तक पूरा नहीं किया गया है। यह बात कहते हुए आज पानीपत की पुरानी तहसील में सांकेतिक धरना शुरू किया गया है जो 5 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर सदर कानूनगो सुरेंद्र कुमार, नायब सदर कानूनगो अशोक कुमार,नरेश कुमार, इरफान अली, बलबीर सिंह, महेंद्र कुमार, विजेंद्र सिंह,भीम सिंह, कुलविंदर सिंह, राकेश मलिक तहसील प्रधान बापौली, ऋषिपाल इसराना तहसील प्रधान आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कम- सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

सुभाष चन्द्र सुपुत्र श्री अमर नाथ निवासी मकान नम्बर 384/4, अमर भवन चौक, तारा चन्द मोहल्ला, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष चन्द्र सुपुत्र श्री अमर नाथ निवासी मकान नम्बर 384/4, अमर भवन चौक, तारा चन्द मोहल्ला, पानीपत के है। यह कि श्री अमर नाथ सुपुत्र श्री हरी चन्द की मृत्यु दिनांक 03/10/2006 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति कर्म देवी धर्मपत्नी श्री हरी चन्द की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्रीमति शांति धर्मपत्नी श्री अमर नाथ की मृत्यु दिनांक 28/03/1996 को हो चुकी है। यह कि श्री अमर नाथ सुपुत्र श्री हरी चन्द की मृत्यु उपरांत 5 ही वारिस हैं 1. सुभाष चन्द्र 2 गुरुबक्श लाल 3. रमेश लाल 4. मदन लाल (सुपुत्रगण) 5. सुनीता (सुपुत्री) श्री अमर नाथ सुपुत्र श्री हरी चन्द है। यह कि श्री मदन लाल सुपुत्र श्री अमर नाथ की मृत्यु दिनांक 26/07/2006 को हो चुकी है। यह कि श्री मदन लाल सुपुत्र श्री अमर नाथ की मृत्यु उपरान्त 3 ही वारिस हैंः- 1. श्रीमति आशा (धर्मपत्नी) 2. दविन्द्र (सुपुत्र) 3. सिम्पी (सुपुत्री) श्री मदन लाल सुपुत्र श्री अमर नाथ। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है।

यह कि श्री अमर नाथ सुपुत्र श्री हरी चन्द की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26-12- 2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार कम- सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

मुकेश जुनेजा सुपुत्र श्री जगननाथ जुनेजा निवासी मकान नम्बर 509, वार्ड नम्बर 9, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कमलेश जुनेजा धर्मपत्नी श्री जगननाथ जुनेजा सुपुत्र श्री राम प्यारे जुनेजा की मृत्यु दिनांक 08/01/2017 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति कमलेश जुनेजा धर्मपत्नी श्री जगननाथ जुनेजा की मृत्यु उपरांत 3 वारिस हैं 1. मुकेश जुनेजा 2. सुनील जुनेजा सुपुत्रगण 3. रीना सुपुत्री श्रीमति कमलेश जुनेजा धर्मपत्नी श्री जगननाथ जुनेजा है।

यह कि श्रीमति कमलेश जुनेजा धर्मपत्नी श्री जगननाथ जुनेजा की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो यह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26-12- 2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

